# राजस्व आदेश अनुवृत्ति–पत्र

## मामला क्रमांक 202504092100045 अ/62 वर्ष 2024–25

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 07/05/2025 | – प्रकरण प्रस्तुत।<br>– प्रकरण का अवलोकन किया गया। आवेदक मेलूराम चौधरी निवासी ग्राम मुडपार वार्ड नंबर 07 तहसील डोंगरगढ़ द्वारा ग्राम मुडपार वार्ड नंबर 07 में बहुत पुराना ईमली के पेड़ को काटने की अनुमति प्रदाय करने हेतु सुशासन तिहार 2025 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।<br><br>– तत्संबंध में हल्का पटवारी मुडपार द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम मुडपार वार्ड नंबर 07 में स्थित ईमली वृक्ष को कटवाने हेतु 1. मेलूराम चौधरी, 2. पुरानिक ठाकरे, 3. चन्द्रकला कुर्मी तीनों के द्वारा सुशासन तिहार में आवेदन पेश किया गया है। आवेदित ईमली वृक्ष ग्राम मुड़पार के खसरा नंबर 192 रकबा 1.639 हे. जिस पर आबादी बसा हुआ है, ग्राम के गली के बाजू में एक हरा इमली का वृक्ष है जिसकी गोलाई लगभग 200 से.मी. है। वर्तमान में ईमली का वृक्ष फलदार है। चूंकि उक्त वृक्ष आबादी में है, जिसके कारण आंधी–तूफान आने पर वृक्ष की टहनियां के गिरने से मकान/जनक्षति संभावित है।<br><br>– आवेदक द्वारा ग्राम मुडपार वार्ड नंबर 07 स्थित पुराने ईमली के वृक्ष को कटवाने हेतु आवेदन पेश किया गया। इसी वाद वृक्ष के संबंध में इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण कमांक 202504092100044 अ/62 वर्ष 2024–25 पक्षकार आवेदक पुरानिक ठाकरे निवासी ग्राम मुडपार में आदेश पारित कर सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत मुडपार को जनसुविधा की दृष्टि से नियमानुसार उक्त ईमली वृक्ष के शाखाएं/टहनी को काटने/छाटने की अनुमति प्रदाय की गई है।<br><br>– अतः आवेदक के द्वारा मांग की आवेदित ईमली वृक्ष का इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण कमांक 202504092100044 अ/62 वर्ष 2024–25 में आदेश पारित किये जाने के फलस्वरूप आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निरस्त किया जाता है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>अनुविभागीय अधिकारी (रा.)<br>डोंगरगढ़<br>अनुविभागीय अधिकारी<br>डोंगरगढ़ (छ.ग.) | |